तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 3 फरवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 खिलाड़ियों के उत्साह और प्रतिभा ने रचा इतिहास



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की कार्यकारिणी घोषित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक कमलेश सोनी ने संगठन की जिला कार्यकारिणी घोषित की है। जिसकी सूची निम्नानुसार है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष डॉ.सीके मिश्रा, नवरंग लाल, महामंत्री आलोक सिंह, सचिव अमित वर्मा, सह सचिव दुर्गेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष मो.सउद अंसारी, बिजेन्द्र यादव कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष नवीन केशरी, मीडिया प्रभारी एमएस आजाद को बनाया गया है।

### ससुर पर जानलेवा हमला करने वाली महिला गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** ससुर को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। बसंतपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अगरियापारा निवासी राम नरेश अगरिया 31 जनवरी की शाम काम करके घर लौटा और अपने एक साल के पोता को गोद में लेकर खेलाने लगा। इस दौरान बच्चा गिरने जैसा हुआ तो उसकी मां पार्वती पति संदीप अगरिया ने अपने ससुर से ही गाली गलौज शुरू कर दी और उसे लात से मारा। शाम को जब ग्रामीण का पुत्र संदीप अगरिया घर आया तो उसने पत्नी को ससुर से मारपीट करने के लिए फटकार लगाई जिससे नाराज होकर महिला घर से निकलकर बाड़ी तरफ चली गई। रात 8 बजे महिला घर आई और परछी में सो रहे सुसर राम नरेश अगरिया की लकड़ी से मारपीट करने लगी। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की शिकायत राम नरेश की पुत्र शलजा अगरिया ने पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने 23 वर्षीया पार्वती पति संदीप अगरिया को बीएनएस की धारा 109 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में बसंतपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी, आरक्षक ताराचंद, महिला आरक्षक समुन्द्री यादव सक्रिय रहे।

### अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन वक्फ ने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** मुसलमानों का महत्वपूर्ण त्यौहार शबे बरात को मनाए जाने के संबंध में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन वक्फ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शबे बरात 3 फरवरी को मनाया जाएगा। 3 फरवरी को रात 9 बजे से सभी मस्जिदों में तिलावत एवं तकरीर होगा जो पूरी रात तड़के 4 बजे तक होगा। मुसलमानों के लिए शबे बरात की रात बहुत ही मुबारक रात होता है, मान्यता है कि इस रात की दुआ कुबूल होती है। रात 8 बजे से रात 12 बजे तक ज्यादातर लोग कब्रिस्तान जाते है। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन वक्फ ने पेयजल, ट्रैफिक, स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा व्यवस्था हेतु निर्देशित करने की मांग की है।

### दहेज प्रताड़नाः पति समेत सास पर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एक नवविवाहिता को शादी के कुछ महीनों बाद ही दहेज के लालच में ससुराल से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता ने पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंप कार्यवाही की मांग की है,लटोरी पुलिस ने बताया प्रार्थीया नेहा गुप्ता पिता बद्री प्रसाद गुप्ता 25 वर्ष निवासी अनुजनगर लटोरी ने आज एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है,आवेदन में नेहा गुप्ता ने बताया है कि उसका विवाह सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार फरवरी 2025 में कृष्ण गुप्ता पिता सेवक राम गुप्ता निवासी पटोरा सरगुजा के साथ संपन्न हुआ था,शादी के बाद से ही उसका वैवाहिक जीवन प्रताड़ना और अत्याचार में बदल गया,आरोप है कि पति कृष्ण गुप्ता एवं सास शांति देवी लगातार दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे, पीड़िता के अनुसार ससुराल पक्ष द्वारा 5 लाख रुपए नगद, सोने की अंगूठी एवं सोने की चेन की मांग की जा रही थी। ,मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और अंततः उसे घर से निकाल दिया गया।

# विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को सशक्त करेगा नवीन कार्यालयः विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को भाजपा कार्यालय के नवीन कार्यालय का भूमि पूजन किया। राजमोहिनी देवी भवन के पीछे भाजपा द्वारा आधुनिक कार्यालय का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान सीएम ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। 26 विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

■ मुख्य मंत्री ने किया भाजपा के नवीन जिला कार्यालय का भूमिपूजन

इस अवसर पर सीएम श्री साय ने कहा कि विकसित भारत तथा विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए भाजपा को दिन रात काम करने की जरूरत है जिसके लिए भाजपा कार्यालय का विस्तार आवश्यक है। सरगुजा भाजपा का नवीन कार्यालय कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा के साथ जन सरोकार के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित करेगा। भाजपा कार्यालय छोटे भवन में संचालित था। जगह कम थी, पार्किंग के लिए जगह कम थी। नया भवन बनने से संगठन के कई आयोजनों हेतु जगह मिल जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा के पितृपुरुषों को नमन करते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि भाजपा ने सरगुजा संभाग में पंच से ले कर सांसद तक सभी चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सरगुजा के कर्मठ कर्मयोगी कार्यकर्ताओं को कोटि कोटि नमन। उन्होंने कहा कि लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है जिसे देखते



हुए बड़े कार्यालय की आवश्यकता थी आज भूमि पूजन के साथ नए कार्यालय की नींव रखी जा रही है। भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा कि सरगुजा ने विधान सभा चुनाव में 14 की 14 सीटें भाजपा को दे कर ना केवल इतिहास बनाया बल्कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार भी बनाई है। हमें अपने भाजपा के समर्पित व कर्मठ कार्यकर्ताओं पर पूर्ण विश्वास है कि वो आने वाले समय में भी इस कीर्तिमान को अक्षुण्ण रखेंगे। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने के लिए पंचायत से लेकर संसद तक बने रहना पड़ेगा जिसके लिए बड़े स्तर पर भाजपा को काम करने की आवश्यकता पड़ेगी इसलिए नवीन कार्यालय अत्यंत जरूरी है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल कहा कि भाजपा संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं में ही निहित है। दिनोदिन भाजपा की शक्ति बढ़ती जा रही है ऐसे में नवीन कार्यालय अत्यंत जरूरी था। इस दौरान कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े,भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर मंजूषा भगत सहित अन्य मौजूद थे।

### धान खरीदी की कर रहे समीक्षा

सरगुजा पहुंचे सीएम श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में ढाई महीने तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई। लगभग 140 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदा गया है। धान खरीदी की समीक्षा की जा रही। यदि जरुरत पड़ेगी तो धान खरीदी के लिए किसानों को कुछ रियायत दी जा सकती है। वहीं प्रदेश के गरियाबंद में सांप्रदायिक हिंसा में सरकार का हाथ होने के कांग्रेस के आरोप को लेकर सीएम श्री साय ने कहा कि कांग्रेस चुनाव हार-हार कर मुद्दाविहीन हो गई है। सरकार पर कांग्रेस बेबुनियाद आरोप लगाती है। प्रदेश में अपराध, भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## बतौल के शांतिपारा में हुई घटना

# कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग 35 लाख का कपड़ा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

बतौल के शांतिपारा में सोमवार की तड़के उस समय हड़कंप मच गया जब एक कपड़ा दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। दमकल टीम के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक आगजनी से दुकान में रखे कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि मार्ग से गुजर रहे लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देख दुकान संचालक को आग लगने की जानकारी दी। आगजनी से लगभग 35 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे शांतिपारा बतौली में भाजपा नेता नवीन गुप्ता की अमित क्लॉथ दुकान है। आज तड़के 4 बजे दुकान से आग की लपटें निकल रही थी जिसे देख सीतापुर की ओर जा रहे राहगीर ने अपनी कार रोक कपड़ा दुकान के संचालक को आग लगने की जानकारी दी। संचालक ने देखा का आग की लपटे दुकान से निकल रही थी अपनी दुकान को जलते देख सब घबरा गए और आनन फ़ानन में पुलिस को सूचना दी गई। साथ ही बतौली से 30 किलोमीटर दूर अंबिकापुर से दमकल कर्मियों को बुलाया गया। दुकान के अंदर से आग की लपटे लगातार बढ़ रही थी। आग पूरे कमरे में फैल जाने की आशंका पर नवीन गुप्ता द्वारा जेसीबी बुलाकर दुकान की शटर को भी तुड़वाया गया। लेकिन भीषण आग से 35 लाख के सामान में पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। इधर जब तक आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचत इससे पहले ही दुकान में रखा समान पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पा लिया लेकिन समान के अवशेष ही बचे थे।



### दुकान से ऊपर गुजरी बिजली के तार बना हादसे की वजह

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से अमित क्लॉथ दुकान के ऊपर से बिजली के तार भी वर्षों से लगे हुए जिससे दुकान में भी कनेक्शन लिया गया है जो संभवतः शॉर्ट सर्किट होने की संभावना जताई जा रही है। दुकान में दो वेक्सिलेटर से आग की लपटें बाहर निकल रही थी जिससे ऊपर गुजरी बिजली के तार भी गल कर छज्जा पर गिर गया और करेंट प्रवाहित कर रही थी। तत्काल बिजली विभाग को सूचना देकर दुकान में गई बिजली सप्लाइ को काटा गया।

### फायर बिग्रेड वाहन की कमी

बतौली क्षेत्र में भी आगजनी के मामले होते रहते है लेकिन आगजनी पर काबू पाने फायर बिग्रेड वाहन की कमी साफ झलकती है। जब तक वाहन 30 किलोमीटर दूर अंबिकापुर से बतौली पहुंचती है तब तक सब जलकर राख बन जाता है। क्षेत्र के लोगों ने बतौली में भी फायर बिग्रेड वाहन उपलब्ध कराने शासन से मांग की है।

# निजी स्कूल में बच्चे पर बरसाए गए 13 डंडे, पैरों में खून जमने के निशान

**अंबिकापुर।** स्कूलों में बच्चों के साथ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर शहर के बीच मौजूद स्कूल में मासूम बच्चे पर 13 डंडे बरसाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत परिजन ने जिला शिक्षा अधिकारी से की है जिसके बाद डीईओ ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम के रिपोर्ट के बाद आगे के कार्रवाई की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि विजय चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र शहर के प्रतापपुर रोड स्थित होली होम एकेडमी में कक्षा 6वीं में पढ़ाई करता है।

छात्र 29 जनवरी को स्कूल गया हुआ था। इस दौरान स्कूल में पढ़ाई को लेकर बच्चे के शारीर पर 13 डंडे बरसाए गए। जब बच्चा घर पहुंचा तो उसके पैर पर जगह जगह निशान बने थे और खून जम गया था जिसके बाद परिजन छात्र को लेकर अस्पताल गए जहां बच्चे का उपचार कराया गया। इसके साथ ही छात्र के पिता ने घटना की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की है जिसके बाद डीईओ दिनेश झा ने मामले में जांच के निर्देश दिए है। छात्र के पिता ने मारपीट जमे खून के निशान की



■ पिता की शिकायत के बाद डीईओ ने बनाई 3 सदस्यीय जांच टीम

तस्वीर और मेडिकल रिपोर्ट भी पेश की है। ऐसे में डीईओ ने शासकीय उमावि खलिबा की प्राचार्य श्रीमती मीना पुरोहित, शासकीय उमावि सरगवां के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह व सकालो हाई स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अनिता दान की तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई है। डीईओ ने जांच टीम को तत्काल स्कूल जाकर और छात्र व परिजन से मिलकर जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

मारपीट की शिकायत की गई थी। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**-दिनेश झा**, डीईओ

# शिकार के लिए छलांग लगाने के दौरान कुएं में गिरा था तेंदुआ शावक

**बिहारपुर।** ग्राम महुली स्थित कुंए में मृत मिले तेंदुए का पीएम डीएफओ की मौजूदगी में सोमवार को परिक्षेत्र कार्यालय में किया गया। चिकित्सकों ने अपनी रिपोर्ट में मौत का कारण पानी में डूबना माना है।

रविवार को वन परिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत ग्राम महुली में बच्चों ने खेलने के दौरान जंगल से सटे कुएं में एक तेंदुए का शव देखा थ। बच्चों ने घटना की सूचना परिजन को दी थी। परिजन ने घटना की तस्दीक करने के बाद इसकी सूचना परिक्षेत्राधिकारी को दी थी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने शाम 5 बजे जाल की मदद से शव को बाहर निकाल परिक्षेत्र कार्यालय में रखवाया था। सोमवार को दोपहर में सूरजपुर के पशु चिकित्सक डॉ.गोविंदा साहू, डॉ.केएन यादव एवं डॉ.प्रीति जायसवाल की टीम ने मृत तेंदुए का पीएम किया। चिकित्सकों



के अनुसार मृत तेंदुआ नर शावक था तथा उसकी उम्र 1 से 1.5 वर्ष के बीच की है। शावक के पेड़ से किसी छोटे जीव के बाल के अंश मिले हैं। इस आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि भ्रमण के दौरान तेंदुआ शावक कुएँ की जगत पर खरगोश को घूमते देख उसका शिकार करने लम्बी छलांग लगाया होगा तथा अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गया होगा। इस दौरान उसने शिकार को उदरस्थ तो कर लिया लेकिन गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पीएम उपरांत विधि विधान से परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में उसका अग्नि संस्कार किया गया। इस दौरान डीएफओ दुलेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य वन अधिकारी उपस्थित थे।

### अनियंत्रित बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**सीतापुर।** देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक एवं एक युवती बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें देर रात उपचार हेतु हॉस्पिटल लाया गया जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया एवं गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। सड़क दुर्घटना में मृत युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद मृतक के गांव में मातम छा गया है। उक्त घटना सीतापुर थानाक्षेत्र के ग्राम रजौटी में देर रात 12 बजे के आसपास की है।शादी समारोह में शामिल होने गए दो युवक एवं एक युवती देर रात बाइक से घर वापस लौट रहे थे इस दौरान उनकी तेज रफ्तार बाइक ग्राम रजौटी में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस दुर्घटना में बुरी तरह घायल तीनो को पुलिस के सहयोग से देर रात घटनास्थल से उपचार हेतु हॉस्पिटल लाया गया जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने ग्राम पेटला कोयलापानी निवासी युवक अजय तिर्की आ. गुल्लू को मृत घोषित कर दिया।

# सड़क क्रास करने के दौरान ट्रक ने बाइक सवार व्यापारी को कुचला

**अम्बिकापुर।** शहर के नमनाकला स्थित रिंग रोड के डिवाइडर को क्रॉस करने के दौरान ट्रक ने बाइक सवार व्यवसाई को कुचल दिया। दुर्घटना में घटनास्थल पर ही व्यवसायी की मौत हो गई। व्यवसायी बाजार से बाइक पर कुछ सामान लोड कर घर लौट रहा था तथा घर से महज 30 मीटर की दूरी पर हादसे के शिकार हो गए। हादसा एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नमनाकला निवासी व्यवसायी प्रहलाद सोनी (50वर्ष) सोमवार को शाम बाजार से कुछ सामान लेने निकले थे तथा सामान को बाइक पर लोड कर घर लौट रहे थे। वे अपने घर के पास रिंग रोड के डिवाइडर को क्रास कर बस स्टैण्ड की ओर जाना चाह रहे थे। उन्होंने जैसे ही डिवाइडर क्रॉस किया गांधी चौक से



बस स्टैण्ड की ओर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक से बाइक टकरा गई तथा व्यवसाई बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान बाइक सवार प्रहलाद सोनी का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा आवागमन बाधित हो गया। इस दौरान रिंग रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची गांधीनगर पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया तथा घटनास्थल पर एकत्र लोगों को हटाकर आवागमन सुचारू किया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में हादसा कैद हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सड़क क्रॉस करने के पूर्व बाइक सवार व्यवसाई रूककर पीछे से आ रहे ट्रक के आगे निकलने का इंतजार किया। ट्रेलर के गुजरने के ⏭ शेष पेज 2 पर

## देर रात जंगल से भटककर गांव की ओर पहुंचे हाथी

# दो हाथियों ने गांव में मचाया उत्पात, आधा दर्जन घरों को किया क्षतिग्रस्त

**सीतापुर।** देर रात जंगल से भटककर गांव पहुंचे दो दंतैल हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान दोनों हाथियों ने गांवों में विचरण के दौरान लगभग आधा दर्जन घरों को अपना निशाना बनाया। जंगली हाथियों के गांव में आने की भनक लगते ही ग्रामीण सुरक्षित ठिकानों की ओर पलायन कर गए थे।

जंगली हाथियों के आने की खबर सुन जंगल से सटे गांव के लोग ठंड में रतजगा करने को मजबूर हैं। फिलहाल हाथियों ने घर के अलावा जानमाल को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन अमला हाथियों की मौजूदगी पर अपनी नजरें जमाये हुए हैं और लोगों को जंगली हाथियों से बचने की सलाह दे रही है। बताया जा रहा है कि देर रात पड़ोसी जिले रायगढ़ के जंगलों से भटक कर दो दंतैल हाथी ग्राम एरंड नावापारा के जंगलों में घुस आये।इस दौरान दोनों हाथियों ने जंगल से



सटे गांव एरंड नावापारा एवं बेलजोरा में जमकर उत्पात मचाया। देर रात तक गांव में उत्पात मचाने के दौरान हाथियों ने लगभग आधा दर्जन घरों को अपना निशाना बनाया। जंगलों में डेरा जमाए दोनों जंगली हाथियों ने ग्राम नावापारा निवासी सुखऊ आ. केहटा नागवंशी, दिलसाय आ. गोसाई नागवंशी, शंकर आ. केरे उरांव छतरिकोना बेलजोरा समेत लगभग आधा दर्जन ग्रामीणों के घर को क्षतिग्रस्त किया। घरों को क्षतिग्रस्त करने के दौरान जंगली हाथियों ने घर के अंदर रखा धान को अपना निवाला बनाया। जंगली हाथियों के आने की भनक लगते ही ग्रामीण सुरक्षित ठिकानों की ओर चले गए थे। वन विभाग ने जंगल से सटे गांवों में घूम घूमकर लोगों को जंगली हाथियों के बारे में सूचित कर दिया था।मौजूदा समय में जंगली हाथियों का दो सदस्यीय दल एरंड के जंगल मे डेरा जमाए हुए है। मौके पर मौजूद वन अमला जंगली हाथियों की मौजूदगी पर अपनी नजर जमाये हुए है। ग्रामीणों को जंगल एवं जंगली हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है ताकि जंगली हाथियों की वजह से होने वाले जानमाल के नुकसान से बचा जा सके। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमार तिवारी ने बताया कि वन अमला मौके पर डटी हुई है एवं एरंड नावापारा के जंगलों में डेरा जमाए हाथियों पर नजर जमाये हुए है।उन्होंने बताया कि जंगली हाथियों की वजह से होने वाले नुकसान का आंकलन कर प्रभावितों को मुआवजा दिया जायेगा।

# राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराकर भूमि हथियाने का आरोप



**राजपुर।** अनुसूचित जनजाति की भूमि से जुड़े एक गंभीर राजस्व फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत कोदौरा के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने तत्कालीन तहसीलदार एवं तत्कालीन हल्का पटवारी की मिलीभगत से राजस्व अभिलेखों में अवैध रूप से अपने नाम दर्ज करा लिया है। आवेदन के अनुसार ग्राम कोदौरा निवासी रामसुरत कोड़ाकू की पारिवारिक भूमि खसरा नंबर 394/2 एवं 394/12 को आर्थिक तंगी के चलते लगभग 15 वर्ष पूर्व खेती के उद्देश्य से अजय गुप्ता को अस्थायी रूप से दिया गया था। आरोप है कि अब अजय गुप्ता द्वारा उक्त भूमि पर मकान निर्माण कर अवैध ⏭ शेष पेज 2 पर

**खबर संक्षेप**

## संभाग स्तरीय गुरु रविदास जयंती समारोह



**बैकुण्ठपुर।** सूर्यवंशी महासभा छग राज्य के तत्वावधान में सरगुजा संभाग स्तरीय संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती समारोह का आयोजन ग्राम सारा गदबदी स्थित गुरू रविदास मंदिर प्रांगण में किया गया। आयोजन में सरगुजा संभाग के समस्त जिलों, ब्लॉकों एवं ग्रामीण अंचल से हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए और तन-मन-धन से सहयोग कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास के समता, समानता, भाईचारा और मानव कल्याण पर आधारित विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का दर्शन आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है, जो जाति-भेद, ऊंच-नीच और सामाजिक विषमता को समाप्त करने का संदेश देता है। समारोह में भगवान बुद्ध की नैतिक शिक्षाओं से प्रेरित होकर उपस्थित लोगों को धर्म दीक्षा भी दिलाई गई। साथ ही समाज में स्वच्छता अपनाने, नशा उन्मूलन, आपसी सहयोग, मानव-मानव में भेदभाव न रखने तथा संवैधानिक अधिकारों को जानने और समझने पर विशेष जोर दिया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता, शिक्षा और संगठन की मजबूती को समाज के विकास की कुंजी बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजन द्वारा समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। आयोजन स्थल पर उत्साह, अनुशासन और सामाजिक चेतना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सूर्यवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल बौद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरू रविदास जयंती के अंतर्गत महासभा का यह कार्यक्रम पूरे छग सहित सरगुजा के सभी ग्राम, ब्लॉक एवं जिला मुख्यालयों में 28 फरवरी तक लगातार आयोजित किया जाएगा, जिसका समापन छग राज्य स्तरीय भव्य समारोह के रूप में किया जाएगा।

## बूथों में संपर्क करेंगे भाजपा के पदाधिकारी

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सतत बूथ संपर्क, बूथ सशक्तिकरण अभियान के साथ संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा जिला स्तरीय बूथ प्रभारियों की घोषणा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं मोर्चा पदाधिकारियों को बूथ सशक्तिकरण एवं संरचना की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर बूथ, शक्ति केन्द्र एवं मंडल स्तर पर संगठन का मजबूत आधार तैयार होगा। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर संकल्प के साथ विकसित राष्ट बनने की ओर अग्रसर है। दूसरी ओर विपक्ष के लोग झूठ और अफवाहें फैलाकर लगातार जनता की बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष नितिन नबीन के बूथों को सशक्त बनाने की योजना अनुसार भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता को घर-घर पहुंचकर विपक्ष के हर षड़यंत्र को ध्वस्त करना है, भाजपा के अनुशासित व परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा को हर स्तर पर जीत मिल रही है। उन्होंने नवनियुक्त बूथ प्रभारियों को बूथ समिति से संपर्क एवं बूथ स्तरीय कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आग्रह किया है। जिले में कार्य का अनुभव रखने वाले नेतागण बूथ के कार्यक्रमों को व्यवस्थित करने के साथ साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का लाभ राज्य के हर वर्ग को मिल रहा है।



## व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा बना आत्मनिर्भरता का आधार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के विकासखंड पोड़ी-बचरा अंतर्गत ग्राम बंजारीडांड़ निवासी अशोक कुमार पाण्डेय के जीवन में व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा प्राप्त होने के बाद सकारात्मक और स्थायी बदलाव आया है। वर्षों से जिस भूमि पर वे खेती करते आ रहे थे, उस पर कानूनी स्वामित्व मिलने से उनका परिवार आज सुरक्षित, खुशहाल और आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर रहा है। अशोक कुमार पाण्डेय को शासन की योजना के अंतर्गत एक हेक्टेयर भूमि का व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता पत्र (पट्टा) प्रदान किया गया। इससे पहले यह भूमि वन विभाग के अभिलेखों में दर्ज होने के कारण उन्हें बेदखली की आशंका बनी रहती थी। वर्षों से काबिज होने के प्रमाण एवं आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर राज्य सरकार द्वारा उन्हें यह पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके भविष्य की चिंता दूर हो गई। श्री पाण्डेय ने बताया कि वे लंबे समय से धान की खेती कर रहे हैं।

### ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्टीय पहचान दिलाने का मंच है सरगुजा ओलंपिक

# खिलाड़ियों के उत्साह और प्रतिभा ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर






खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आयोजित सरगुजा ओलंपिक 2025-26 की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का खड़गवां स्थित मिनी स्टेडियम में अत्यंत भव्य, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में खेल भावना, अनुशासन और ग्रामीण प्रतिभाओं की चमक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चिरमिरी नगर निगम के महापौर राम नरेश राय, जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, खड़गवां सरपंच सुखित लाल अगरिया, जनपद सदस्य अजय सिंह, नगर निगम चिरमिरी के पार्षद मनीष, राम लखन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर खड़गवां अनुविभागीय अधिकारी विजेन्द्र सारथी, जनपद सीईओ रूपेश बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएन मिश्रा, विशेष सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय पाण्डेय तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय पाण्डेय और अरुणोदय पाण्डेय की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में बरदर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि खड़गवां उपविजेता रहा। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में भी बरदर विजेता बना और उधनापुर उपविजेता रहा। बालिका सीनियर वर्ग में खड़गवां विजेता रहा तथा बेलकामार उपविजेता बना। खो-खो बालक जूनियर वर्ग में पोड़ीडीह विजेता और खड़गवां उपविजेता रहा, वहीं खो-खो बालिका जूनियर वर्ग में पोड़ीडीह विजेता और बरदर उपविजेता रहा। फुटबॉल प्रतियोगिता में डोमनहिल की टीम ने विजेता बनकर उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया, जबकि हल्दीबाड़ी उपविजेता रही। समापन अवसर पर सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के अनुशासन, खेल भावना और टीम वर्क की अतिथियों ने सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका संजीव डे, वीरेन्द्र नामदेव, शमीम अख्तर, कमल नायक, पीएन बाबू, यशवंत नोल्हे, गजेन्द्र पैकरा, हितेश लकड़ा, किशन साहू, मनीषा श्याम, सीमा सिंह, शंभू सिंह, राजेन्द्र कुमार, ईस्तयानुश एक्का, अंशु गुप्ता, राजेन्द्र केशरवानी, पुष्पराज पटेल ने निभाई। अभिलेख प्रभारी के रूप में पेकज लहरे, रेणु सोधिया, कुमारी चंद्रकला, कुमारी रंजना बखला एवं श्रीमती शिल्पा श्रीवास्तव का योगदान उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली मंच संचालन जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। समापन अवसर पर स्वास्थ्यम मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरगुजा ओलंपिक ग्रामीण और आदिवासी अंचलों की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में इन खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्टीय स्तर तक पहुंचाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

# दो बार ओपन हार्ट सर्जरी के बाद छूटी नौकरी

हरिभूमि न्यूज. सोनहत



■ तीन दिव्यांग बच्चों का भविष्य अंधकार में

जिले के विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम केशगवां निवासी संतोष कुमार दुबे का परिवार इन दिनों गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट से जूझ रहा है। स्वयं दो बार ओपन हार्ट सर्जरी करा चुके संतोष की नौकरी छूट जाने के बाद उनके तीन पूर्णतः दिव्यांग बच्चों का भरण-पोषण और इलाज कठिन हो गया है, जिससे पूरे परिवार के सामने जीवन यापन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

संतोष कुमार दुबे ने बताया कि लगातार गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उनकी शारीरिक क्षमता काफी सीमित हो चुकी है, इसके बावजूद वे किसी तरह मेहनत कर परिवार का सहारा बने हुए थे। उनकी सबसे बड़ी चिंता उनके तीन बच्चे हैं, जो पूर्णतः दिव्यांग हैं और जिन्हें निरंतर देखभाल, विशेष पोषण तथा नियमित चिकित्सा की आवश्यकता रहती है। पहले से ही यह स्थिति परिवार के लिए चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन रोजगार छिन जाने के बाद हालात और भी बदतर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि 23 जून 2023 को बैकुंठपुर में बाल संरक्षण आयोग, दिल्ली द्वारा आयोजित शिविर के दौरान उनकी समस्या सामने आई थी। आयोग ने परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए जनपद पंचायत सोनहत में आकस्मिक व्यवस्था के तहत उन्हें कार्य पर रखने की सिफारिश की थी। यह कार्य उनके लिए जीवन रेखा के समान था, जिससे बच्चों के इलाज, दवाइयों और दैनिक भोजन की व्यवस्था सुचारू रूप से चल पा रही थी। लगभग एक वर्ष तक इस कार्य से परिवार को कुछ राहत मिली और आर्थिक स्थिति संभली, लेकिन करीब एक वर्ष बाद उन्हें अचानक इस आकस्मिक कार्य से हटा दिया गया। इस अप्रत्याशित निर्णय से परिवार की स्थिति पुनः अत्यंत दयनीय हो गई है। संतोष कुमार दुबे ने भावुक अपील करते हुए कहा कि मेरी दो बार ओपन हार्ट सर्जरी हो चुकी है और मेरे तीनों बच्चे पूर्णतः दिव्यांग हैं। अब मेरे पास उनके भरण-पोषण का कोई साधन नहीं बचा है। जब मैं जनपद पंचायत सोनहत में कार्यरत था, तब बच्चों का इलाज और भोजन की व्यवस्था ठीक से हो पा रही थी, लेकिन अब हालात बहुत खराब हो चुके हैं। परिवार ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सहायता की गुहार लगाई है।

# सूचना के अधिकार से नहीं मिल रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज. खड़गवां



शासकीय कार्यालयों में किए जाने वाले कार्यो की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियमत 2005 लागू किया है, जिसे लेकर एमसीबी जिले के जनपद मुख्यालय खड़गवां में संचालित सूचना का अधिकार अधिनियम का बोर्ड या डिस्प्ले महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी कार्यालय में नहीं है, इसके चलते सूचना के अधिकार के तहत सूचना चाहने वालों को दिक्कत होती है कि इस कार्यालय से संबंधित जानकारी के लिए वे आवेदन कहां करें।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रत्येक लोक प्राधिकारी को अपनी संस्था के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक करनी होती है, इसमें सूचना अधिकारियों का विवरण प्रदर्शित करना जरूरी होता है, लेकिन खड़गवां के परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में सूचना के अधिकार अधिनियम का बोर्ड या डिस्प्ले नहीं होना प्रशासनिक शिथिलता के साथ अधिनियम का खुला उल्लंघन है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या विभाग के अधिकारी को इस लापरवाही की जानकारी नहीं है या फिर जानबूझकर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सूचना अधिकार अधिनियम का बोर्ड परियोजना कार्यालय में नहीं होने को लेकर लोगों का कहना है कि सूचना के अधिकार अधिनियम का कार्यालय में बोर्ड या डिस्प्ले नहीं होने से आम आदमी को यह पता ही नहीं चल पाता है कि जानकारी मांगने के लिए वे किसे आवेदन करें।

### कही अधिकारी बदले नाम नहीं

सूचना के अधिकार अधिनियम को लेकर कोरिया-एमसीबी जिले के कई विभागों में बड़ी लापरवाही देखने को मिलती है। देखने में आता है कि सूचना के अधिकार से संबंधित अधिकारी स्थानांतरण होकर दूसरे जगह चले जाते हैं, लेकिन उनका नाम उनके जाने के बाद भी नहीं बदलता। वहीं कुछ विभाग के सूचना अधिकार बोर्ड में अधिकारी का नाम प्रदर्शित न कर सिर्फ पद नाम ही प्रदर्शित किया जाता है। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में सूचना के अधिकार अधिनियम बोर्ड का प्रदर्शित होना अनिवार्य किया गया है, बोर्ड में जन सूचना अधिकारी ,प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी का स्पष्ट रूप से नाम पद नाम अंकित करना जरूरी होता है तथा अन्य जरूरी जानकारी डिस्प्ले होनी चाहिए।

# बिजुरी में मिनी स्टेडियम निर्माण का विरोध तेज

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी



नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा वार्ड क्रमांक 11 और 12 के बीच स्थित खुले फुटबॉल मैदान में प्रस्तावित मिनी स्टेडियम और बाउंड्रीवॉल निर्माण को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध तेज हो गया है। नागरिकों का आरोप है कि यह निर्माण कार्य जनभावनाओं और जनहित के खिलाफ है, फिर भी प्रशासन ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कोई ध्यान नहीं दिया।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि उनके द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य रोकने की मांग किया गया था, लेकिन इसके विपरीत नगरपालिका ने विरोध के बावजूद काम शुरू करा दिया। जिससे नगर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और लोग इसे अपनी सार्वजनिक जमीन और सुविधाओं पर अतिक्रमण जैसा मान रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यह मैदान केवल खेल का स्थल नहीं, बल्कि नगर के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का केन्द्र है। मैदान के चारों ओर दुर्गा मंदिर, शंकर मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर और रजा मस्जिद स्थित हैं। यहीं होली दहन, भंडारा, मीना बाजार और अन्य सामूहिक आयोजन होते हैं। लोगों का कहना है कि बाउंड्रीवॉल बनने से इन परंपरागत आयोजनों के लिए जगह ही नहीं बचेगी। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर में भारी वाहनों का प्रवेश इसी मैदान के किनारे से होता है। यही मार्ग नगरपालिका, तहसील कार्यालय, थाना और कन्या विद्यालय तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता भी है। यदि मैदान घेर दिया गया तो निश्चित तौर पर आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी।

# शैलेश पुनः बने कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ का विधिवत पुर्नगठन सोमवार को होटल रामसेतु बैकुंठपुर के सभागृह में छग केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन (सीसीडीए) के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पुर्नगठन पश्चात सर्वसम्मति से संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन निर्विरोध रूप से किया गया। अध्यक्ष पद पर शैलेश कुमार गुप्ता, सचिव पद पर नंदकिशोर राजवाड़े एवं कोषाध्यक्ष पद पर धर्मेन्द्र गुप्ता (आरजू) को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री गुप्ता ने कहा कि वर्षों से केमिस्ट साथियों द्वारा व्यक्त विश्वास उन्हें केमिस्ट हित में और अधिक समर्पण व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध निर्वाचन को जिले के केमिस्टों की एकता, अनुशासन एवं निःस्वार्थ भावना का प्रतीक बताया तथा कार्यकारिणी में सभी क्षेत्रों से योग्य प्रतिनिधित्व देकर सक्षम नेतृत्व प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश से पधारे सीसीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, वर्तमान उपाध्यक्ष विनोद चंद्राकर, संगठन सचिव देवव्रत गौतम, बलरामपुर जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, सचिव द्वारिकानाथ पाण्डेय एवं अंबिकापुर से शैलेन्द्र गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ केमिस्टों का सम्मान किया गया।

# टेलीस्कोप से छात्राओं ने जाना अंतरिक्ष का रहस्य

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, तार्किक सोच को बढ़ावा देने तथा खगोल विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से स्काई वॉचिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के तत्वावधान में किया गया। इसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम में रायपुर से आए टेलीस्कोप विशेषज्ञ नीरज कुमार लहरे ने आधुनिक टेलीस्कोप के माध्यम से आकाशीय पिंडों के अवलोकन की विधि को सरल भाषा में समझाया। विद्यार्थियों को टेलीस्कोप की संरचना, लेंस की क्षमता, फोकस तकनीक, संचालन प्रक्रिया तथा आकाशीय पिंडों की पहचान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने सूर्य के काले धब्बों (सन स्पॉट) का सुरक्षित तरीके से प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सूर्यास्त के पश्चात विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा चंद्रमा, बृहस्पति एवं शनि ग्रह का टेलीस्कोप से अवलोकन किया गया, जिसे लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के जिला संयोजक कमल डडसेना ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का विकास करती हैं, ब्रह्माण्ड और सौरमंडल के प्रति गहरी समझ पैदा करती हैं तथा समाज में व्याप्त अंधविश्वास और पुरानी भ्रांतियों को दूर करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता एवं पत्रकार अंकित अग्रवाल की भी विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों एवं विशेषज्ञों का बुके भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को साइंटिफिक कैलेंडर एवं विज्ञान आधारित मैगजीन भी वितरित की गईं। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक एवं व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ते हैं, जिससे नवाचार, खोज और अनुसंधान की भावना विकसित होती है।

# एकलव्य विद्यालय घुघरा के छात्रों ने रचा इतिहास




**सोनहत।** सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घुघरा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 25 स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि से विद्यालय परिसर सहित क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। प्रतियोगिता में छात्रों की इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय विद्यालय की शारीरिक शिक्षा शिक्षिका शकुंतला राजवाड़े एवं प्रशिक्षक अजय कुमार को दिया जा रहा है। उनके कुशल मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर कठिन अभ्यास के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने यह मुकाम हासिल किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसरमें आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य वीके सिंह ने विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने कड़ी मेहनत, लगन और टीम भावना के साथ यह सफलता अर्जित की है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। छात्रों की इस शानदार जीत ने यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और मेहनत के बल पर ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी बड़े मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर का दल पहुंचा मनेन्द्रगढ़ फॉसिल्स पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मध्य प्रदेश स्थित डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. केके प्रजापति एवं डॉ. एस सेल्वकुमार के नेतृत्व में एम टेक द्वितीय वर्ष (चतुर्थ सेमेस्टर) के 27 छात्र-छात्राओं का दल मनेन्द्रगढ़ स्थित एशिया के सबसे बड़े गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के भ्रमण एवं शोध अध्ययन के लिए पहुंचा।

दल के सदस्यों ने पार्क में संरक्षित लगभग 29 करोड़ वर्ष प्राचीन समुद्री जीवाश्मों का अवलोकन किया। इतने प्राचीन जीवाश्मों को प्रत्यक्ष देखकर छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित एवं आश्चर्यचकित नजर आए। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावहारिक एवं क्षेत्रीय अध्ययन की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। इस अवसर पर पुरातत्व/पर्यटन विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विनोद पांडेय एवं पुरातत्व संघ के सदस्य विद्याधर गर्ग ने फॉसिल्स पार्क में स्थल पर प्राप्त जीवाश्मों तथा इंटरप्रिटेशन बिल्डिंग में प्रदर्शित जीवाश्मों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र गोंडवाना काल के समुद्री जीवन का महत्वपूर्ण प्रमाण प्रस्तुत करता है। विशेषज्ञों द्वारा यहां पाए जाने वाले मोलस्का, यूरीडेस्मा एवं एकिलोपेक्टेन जैसे समुद्री जीवाश्मों के वैज्ञानिक एवं भूवैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा पत्थरों पर उकेरी गई समुद्री जीवों की आकृतियों एवं शिल्पकला की भी जानकारी दी गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विशेष रुचि दिखाई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सड़क क्रास करने ...

उपरांत उन्होंने डिवाइडर क्रॉस किया। डिवाइडर क्रॉस करने के दौरान दूसरी दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से बाइक टकरा गई तथा ट्रक व्यवसायी को कुचलते हुए आगे निकल गया। मालूम हो कि रिंग रोड शहर के बीच से गुजरी है तथा रोड के दोनों ओर घनी आबादी एवं व्यावसायिक संस्थान है। मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। डिवाइडर के बीच जगह-जगह क्रॉसिंग होने के कारण लोगों को दूसरी ओर से गुजर रहे वाहनों का अनुमान नहीं लग पाता तथा लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

### राजस्व अभिलेख में ...

कब्जा कर लिया गया है। भूमि वापस मांगने पर मारपीट और झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। यह भूमि अनुसूचित जनजाति के भू-स्वामित्व की बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खसरा नंबर 394/11 (रकबा 0.995 हेक्टेयर) को तत्कालीन तहसीलदार सालिक राम गुप्ता एवं तत्कालीन हल्का पटवारी अजेन्द्र टोप्पो की मिलीभगत से अजय गुप्ता के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करा दिया गया। इसी तरह धर्मेन्द्र गुप्ता द्वारा कोड़ाकू समाज के रामखेलावन की भूमि तथा सरिता देवी द्वारा बाबूलाल कोड़ाकू की भूमि को सह-खातेदार के रूप में अपने नाम दर्ज कराए जाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अजय गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, सरिता देवी एवं अन्य आरोपियों द्वारा लगातार उन्हें धमकाया जा रहा है, जिससे पूरा गांव भय और तनाव में जीने को मजबूर है। आवेदकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, राजस्व अभिलेखों में की गई कथित छेड़छाड़ की जांच कर वास्तविक भू-स्वामियों के नाम पुनः दर्ज किए जाएं तथा भूमि तत्काल वापस दिलाई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वे चक्का जाम करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। वहीं इस मामले में अब तत्कालीन तहसीलदार सालिक राम गुप्ता ने कहा कि इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। एसडीएम द्वारा जो भी मामला होगा उसकी जांच की जाएगी। इस संबंध में राजपुर अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रधान ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराकर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**(छ.रा.वि.मं., की उत्तरदायी कम्पनी)**

**बिजली बंद की सूचना**

अंबिकापुर (शहर) के समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, 11 के.व्ही. देवीगंज फीडर में आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक/ दिन | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.02.26 मंगलवार | प्रात: 11.00 बजे से 5.00 बजे तक | 11 के.व्ही. देवीगंज फीडर | देवीगंज रोड, महामाया चौक, घंड़ी चौक, सत्तीपारा, जोड़ा पीपल, चोपड़ा पारा, चौपाटी एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यालय रोड इत्यादी क्षेत्र । |

*नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।*
-स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ-
-विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है-
-असुविधा से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल का भुगतान कर-

कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.क.लि., अंबिकापुर

## खबर संक्षेप



### विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ देखा बजट प्रसारण

**राजपुर।** रविवार को पेश किए गए केन्द्रीय बजट का सीधा प्रसारण सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा के साथ ही बरियों मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने देखा। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, गरीब एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की स्पष्ट झलक इस बजट में दिखाई देती है। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की ओर एक ठोस और जनकल्याणकारी कदम है। इस दौरान बरियों मंडल के प्रभारी बलवंत सिंह, मंडल के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीए फाइनल के छात्र ने लड़की से वीडियो काल कर पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** बीए फाइनल के छात्र ने बीती रात एक लड़की से वीडियो कॉल कर उसके सामने ही जहर पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लहसुन पाठ निवासी अरविंद यादव आ. डोमन यादव (20 वर्ष) पिछले तीन साल से शंकरगढ़ में किराए के मकान में रहकर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इस वर्ष युवक बीए फाइनल में पढ़ाई कर रहा था। बीती रात युवक एक लड़की को वीडियो कॉल किया और बात करने के दौरान ही उसके सामने जहर पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक के किराए के मकान में पहुंचे जहां युवक अचेत हालत में पड़ा हुआ था।

## धान खरीदी के आखिरी दिन तक नहीं हुई कार्रवाई, किसानों में आक्रोश

# अधिकांश धान उपार्जन केंद्रों में नहीं हुआ भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर सहित दवनकारा,कोटिया, जगन्नाथपुर सहित सभी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सहित प्रतापपुर ब्लॉक की लगभग सभी धान उपार्जन समितियों में धान की फर्जी खरीदी की खबरें आम हो चुकी थी। समितियों में कागजी उठाव और राइस मिलरों से मिलीभगत के आरोप लंबे समय से लग रहे हैं, लेकिन 31 जनवरी धान खरीदी का अंतिम दिन भी प्रशासन की चुप्पी साधे रहे जिससे कई तरह के सवाल खड़े कर रही है।

**खास बात**

- खाली ट्रक से गोदाम में धान पहुंचाने का आरोप

सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र के कुछ गिनी–चुनी समितियों में ही भौतिक सत्यापन किया गया,जबकि अधिकांश समितियों को छोड़ दिया गया। जिन समितियों पर धान घोटाले का आरोप है, वहां न तो वास्तविक स्टॉक का मिलान हुआ और न ही राइस मिलों में धान पहुंचने की सच्चाई सामने आई। स्थिति यह है कि समिति प्रबंधकों, राइस मिल मालिकों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से खाली ट्रक समिति से गोदाम तक पहुंचाए जा रहे हैं और कागजों में सैकड़ों क्विंटल धान की एंट्री दिखाई जा रही है। कुछ दिन पूर्व ही प्रतापपुर के एक राइस मिल में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा था। चर्चा थी कि अब अन्य राइस मिलों और समितियों की भी परतें खुलेंगी, लेकिन एक कार्रवाई के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा और आज तक अन्य राइस मिलों पर कोई कार्रवाई न होना प्रशासन और राइस मिलरों की मिलीभगत की आशंका को और मजबूत करता है। लोगों का कहना हे कि समितियों से धान उठाव के दौरान न तो समिति में और न ही राइस मिलों में अनिवार्य भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे में बरती जा रही लापरवाही के कारण सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। जानकारों का दावा है कि यदि एक–एक समिति की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो प्रतापपुर ब्लॉक की हर समिति में धान घोटाले का खुलासा हो सकता है।



पूर्व में जांच करते अधिकारी

**जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की जांच की मांग**

समितियों में भौतिक सत्यापन नहीं होने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने एसडीएम और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भौतिक सत्यापन और सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार के ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में धान गोदाम पहुंच रहा है और जमीन पर सच्चाई कुछ और है।

**जारी है कार्रवाई**

कलेक्टर के दिशा–निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही भौतिक सत्यापन के लिए टीम गठित कर समितियों व राइस मिलों में छापामार कार्रवाई की जाएगी।

**–ललिता भगत**, एसडीएम

## आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा करने वाला बजट- भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने बजट को सपनों को साकार करने वाला बताया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला











मुरली मनोहर जोशी ने बजट प्रस्ताव को विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित बताया। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिससे समावेशी विकास पर विशेष जोर दिय गया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है।12 लाख रूपए तक की सालाना आमदनी पर अब कोई कर नहीं लगेगा। वेतनभोगी कर्मचारियों की मानक कटौती की सीमा बढ़ाकर 75 हजार रूपए करने का प्रस्ताव भी स्वागतेय है। प्रवक्ता मुकेश गर्ग ने प्रस्तुत किए गए बजट देश तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने वाला बजट बताया। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बजट को देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन विकास की स्पष्ट दिशा तय करने वाला बजट बताया। उन्होंने बताया कि इस बजट में बुनियादी ढांचे पर बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से रोजगार सृजन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं के लिए किए गए प्रावधान आत्मनिर्भर भारत की नींव को और सुदृढ़ करेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देना आम नागरिकों के हित में एक सराहनीय कदम है। मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत देने की मंशा बजट को जन-हितैषी बनाता है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने केंद्रीय बजट देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन विकास की स्पष्ट दिशा तय करने वाला बताया है। उन्होंने इस बजट में बुनियादी ढांचे पर बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से रोजगार सृजन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर यह बजट विकास, समावेशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने बजट को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट है, जो मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। हर जिले में कन्या छात्रावास से छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का अवसर प्राप्त होगा। बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और विनिर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो देश के विकास को गति देगा।

# बजट ने जनता की उम्मीदों को तोड़ाः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज : सूरजपुर

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह ने केंद्रीय बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने पिछले ग्यारह साल में भारत देश की जनता के तमाम उम्मीदों को लगातार तोड़ा है। यह बजट तो केवल जुमलेबाजी लग रहा है। जब सरकार ने 11 सालों में कुछ नहीं किया तो अब क्या करेगी। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज डालमिया ने शहर क्षेत्र के लिए बजट को केवल नाम मात्र का बताया। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के बजट में शहरों के विकास के लिए कोई योजना को शामिल नहीं किया गया है। इस बजट में किसान, महिलाओं और आम आदमी के लिए कुछ नहीं है। स्मार्ट सिटी, डिजिटल भारत एवं विकसित देश की योजना के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। केंद्रीय बजट को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर ने बताया कि पिछले कई साल से जनता उम्मीद पर बैठे हुए हैं। दो करोड़ नौकरियां, हर साल के 15-15 लाख रूपए, काला धन वापस लाना, बुलेट ट्रेन जैसे जुमले के साथ आज का बजट भी जुमला ही रहा। बजट को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि बजट में









छात्रों एवं युवाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं दिया गया है। शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है, युवा बेरोजगार है उसके रोजगार के लिए सरकार ने कुछ नहीं सोचा। इस बजट में छात्रों एवं युवाओं को नजरअंदाज किया गया है। नीरज तायल कांग्रेस शहर व्यापारी प्रकोष्ठ के सदस्य ने बताया कि यह बजट व्यापारी व किसानों के लिए निराशाजनक महंगाई चरम सीमा पर कमर्शियल गैस के दाम में बेतहाशा वृद्धि व पेट्रोल डीजल पर कोई छूट नहीं। युवाओं दिव्यांग व बुजुर्गों को कोई भी लाभ नहीं दिख रहा है।

### विकासशील भारत की झलक : संजय

भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा



कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट देश की समग्र आर्थिक मजबूती, सामाजिक संतुलन और विकासशील भारत की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करता है। बजट में किसान, युवा, महिला, श्रमिक और मध्यम वर्ग के हितों को प्राथमिकता दी गई है। बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य में निवेश, रोजगार सृजन और डिजिटल व हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रावधान सराहनीय हैं।

### सबके कल्याण का बजटः शिवनाथ

विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय बजट में ग्रामीण क्षेत्र के 16वें वित्त आयोग हेतु 1.4 लाख करोड़



की राशि का प्रावधान किया गया है जो ऐतिहासिक कदम, है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास होना, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहले से अधिक राशि का प्रावधान देश के विकास के लिए मजबूत कदम है।

### अर्थ व्यवस्था को तबाह करने वाला : सुनील

पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस सुनील सिंह ने कहा कि यह बजट ढोल में पोल है,



अर्थव्यवस्था को तबाह करने वाला बजट है, फिर से गरीबी हटाने की बात कही जा रही है आखिर क्या कारण है कि हमारी गरीबी मिटती नहीं गरीबी हटती नहीं। 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने की बातें कोरी कल्पना मात्र है लघु और कुटीर उद्योगों के लिए सिर्फ बातें हैं किसी के क्षेत्र में किसानों के लिए फर्टिलाइजर सब्सिडी की बात कही जा रही है पर क्या हुआ समय पर आसानी से सुलभ हो पाएगा। शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल जैसे आवश्यक मुद्दों पर बजट का प्लान खोखले दावों के अलावा कुछ भी नहीं है।

### बजट में छत्तीसगढ़ के लिए कोई योजना और घोषणा नहीं

छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा ने बताया कि



बजट में छला गया है, छत्तीसगढ़ कोई विशेष योजना अथवा घोषणा नहीं की। जीवन रक्षक दवाओं का सस्ता होना स्वागत योग्य है लेकिन इसका लाभ लेने के लिए बीमार होने की अनिवार्यता है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं की महंगाई से त्रस्त जनता को क्या राहत मिली है। भारत के छह लाख गाँवों के लिए पाँच सौ सरोवर की योजना ऊँट के मुँह में जीरा की तरह है। देश का किसान एक बार फिर छला गया है। एमएसपी पर सरकार की नीति अस्पष्ट है। उद्योगों के लिए योजनाएं और सब्सिडी का प्रावधान स्वागत है। जीएसटी एवं आयकर क़ानून पर भी सरकार पूर्ववत भ्रम में है छोटे कारोबारियों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

### बजट जनता के लिए नहीं, सिर्फ़ प्रचार के लिए- परवेज़

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज़ आलम गांधी ने केंद्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आम जनता के लिए नहीं बल्कि केवल सरकार की उपलब्धियों के प्रचार का दस्तावेज है।उन्होंने कहा कि देश आज महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती असमानता और किसानों की बदहाली जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन बजट में इन पर कोई ठोस और प्रभावी योजना नज़र नहीं आती। यह बजट समाधान नहीं बल्कि सत्ता की विफलताओं का प्रमाण है। यह बजट सिर्फ़ आंकड़ों का पुलिंदा बनकर रह गया है। इसमें गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, सहित अल्पसंख्यकों और आम आदमी को निराशा ही हाथ लगी है।

## सकारात्मक एवं विकासोन्मुख है बजट



सीए अरुण कुमार गुप्ता ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं विकासोन्मुख बजट है। पूंजीगत व्यय एवं बुनियादी ढांचे के लिए आबंटन में वृद्धि से देश में आर्थिक विकास को गति मिलेगी। राजकोषीय घाटे को कम करने का लक्ष्य वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देगा। वेतनभोगी कर्मचारियों एवं मध्यम वर्ग के लिए आयकर दर एवं श्रेणी अपरिवर्तित रहना निराशाजनक है। नया आयकर अधिनियम के लागू होने से आयकर प्रक्रिया में सरलता आएगी।रक्षा बजट में वृद्धि, एमएसएमई एवं विनिर्माण उद्योग को प्रोत्साहन, सेमी कंडरक्टर उद्योग को बढ़ावा देना।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा की बैठक

**बिश्रामपुर।** चार श्रम कानूनों के प्रभावी होने की आशंका और श्रम संगठनों के अस्तित्व पर संकट को लेकर भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर शेष सभी श्रमिक संगठनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के संबंध में एचएमएस कार्यालय में संयुक्त श्रम संगठनों की बैठक आयोजित की गई।श्रमिक नेता रामाशीष पॉल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एचएमएस,एटक,इंटक एवं सीटू के पदाधिकारियों ने हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चार श्रम कानून लागू होने से मजदूरों के अधिकार प्रभावित होंगे,इसलिए हड़ताल आवश्यक है।

बैठक में एटक से पंकज गर्ग,इंटक से अजीत यादव, सीटू से अप्पा राव और एचएमएस से देवेंद्र मिश्रा ने अपने विचार रखे और सभी संगठनों से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया,बैठक में बड़ी संख्या में श्रमिक नेता व कोल कामगार उपस्थित रहे।

**Name Change**

I PRITHVI HATH SAO S/O TAPESH-WARI SAW RESIDENT OF Prithvi Nath Saw House No. 151/B, Infront of Maya Women Hostel Namnakala, Ambikapur Surguja (C.G) Hereby declare that have changed my name From PRITHVI HATH SAW S/o TAPESHWARI SAW to PRITHVI NATH SAW S/o TAPESHWARI SAW in all the Government approved identity Proofs to be used for various purposes in the future.

**Deponent**
PRITHVI NATH SAW
Address:- Prithvi Nath Saw House No. 151/B, Infront of Maya Women Hostel, Namnakala, Ambikapur, Surguja (C.G.)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले – MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता – किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी – मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 9826183780

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
ऑपरेशन थियेटर | सोनोग्राफी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएं: ब्रान्कोस्कोपी, दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
CHEST PHYSICIAN (GOLD MEDALIST)
श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 02 फरवरी, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 फरवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 08 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर– मोबा. 7898942870
समय– सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया,PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 08 फरवरी, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार – माह के प्रथम रविवार 01 फरवरी को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशें की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान के लिए फेलोशिप से सम्मानित हुए डॉ दीपक



बिश्रामपुर। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस,रायपुर के चिकित्सा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दीपक जायसवाल को उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान एवं शैक्षणिक सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया,यह सम्मान 30 जनवरी को पटना,बिहार में आयोजित राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया,इस अवसर पर देश-विदेश से आए अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे,डॉ. दीपक जायसवाल को यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके निरंतर अनुसंधान, रोगी-सेवा एवं शिक्षण कार्यों के लिए दिया गया,उनके सम्मान से संस्थान एवं चिकित्सा जगत में हर्ष का माहौल है।गौरतलब है कि डॉ दीपक जायसवाल नगर पंचायत शिवनन्दनपुर-बिश्रामपुर मुख्य मार्ग निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता बनारसी लाल जायसवाल के ज्येष्ठ पुत्र हैं।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एसजीजीयू रासेयो प्रकोष्ठ ने प्रेषित की सहयोग राशि



अम्बिकापुर। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित पीड़ितों की सहायता हेतु संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय की रासेयो प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों, अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा एकत्रित की गई 72497 रूपये की सहयोग राशि प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में प्रदान की गई। राशि कुलपति एवं कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी को सौंपी गई, ताकि इसे प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में प्रेषित किया जा सके। इस कार्य में जिला संगठक प्रो.खेमकरण अहिरवार, प्रो.विनायक साय, प्रो.नंद कुमार देवांगन तथा प्रो.सी.बी. मिश्रा ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर कुलपति ने रासेयो प्रकोष्ठ के इस मानवीय एवं संवेदनशील प्रयास की सराहना की तथा कहा कि आपदा के समय पीड़ितों के लिए आगे आना रासेयो की मूल भावना को दर्शाता है। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने भी इसे सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### बीए फाइनल के छात्र ने लड़की से वीडियो काल कर पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। बीए फाइनल के छात्र ने बीती रात एक लड़की से वीडियो कॉल कर उसके सामने ही जहर पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लहसुन पाठ निवासी अरविंद यादव आ. डोमन यादव (20 वर्ष) पिछले तीन साल से शंकरगढ़ में किराए के मकान में रहकर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इस वर्ष युवक बीए फाइनल में पढ़ाई कर रहा था। बीती रात युवक एक लड़की को वीडियो कॉल किया और बात करने के दौरान ही उसके सामने जहर पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक के किराए के मकान में पहुंचे जहां युवक अचेत हालत में पड़ा हुआ था। परिजन उसे तत्काल शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि अरविंद पढ़ाई करने के दौरान ही लड़की को पसंद करने लगा लेकिन लड़की ने उसे इंकार कर दिया जिससे वह जहर पी लिया। परिजन ने बताया कि घटना की जानकारी लड़की ने ही उसके रिश्तेदार को फोन कर बताई जिसके बाद युवक के जहर पीने की बात पता चला। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

### जनवरी माह में भटगांव महाप्रबंधक व अन्य 18 कोल कर्मी हुए सेवानिवृत्त

बिश्रामपुर। एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के महाप्रबंधक दिलीप माधवराव बोबडे शनिवार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए,इस अवसर पर भटगांव क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें समारोह में विदाई दी,इसी तरह जनवरी माह में बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत अन्य 18 कर्मी शनिवार 31 जनवरी को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए,जिन्हें यूनिट स्तर विदाई समारोह का आयोजन कर प्रबंधन की तरफ से विदाई दी गई है,बिश्रामपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए कोल कामगारों में बिश्रामपुरओपन कास्ट से परितोष कुमार,अरुण तिवारी,एमडी शमीम खान,मोहन राम, गायत्री खदान से सिरधन ,जगलाल,अमेरा खदान से रामाशीष शर्मा,अश्विनी कुमार सेन,सत्येंद्र पांडेय,कुमदा 7-8 खदान से हजरत अली,राधे कृष्णा, बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से देवनारायण सिंह,हुकुम साय,उत्तम राम,बिहारी, रेहर खदान से आनंद राम,नागेंद्र प्रसाद,आरजीके सब एरिया से मोहर मनी,गायत्री खदान से जगलाल, उक्त सभी 18 कर्मियों को उनके कार्यस्थलों पर प्रमुखों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें शॉल,श्रीफल और मेडिकल कार्ड समस्त देयकों के भुगतान संबंधित पत्र और कंपनी से कोल कर्मियों को मिलने वाले उपहार सौंप विदाई दी गई।

### भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बने अभिषेक

भैयाथान। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। भैयाथान मंडल अध्यक्ष के रूप में अभिषेक गुप्ता को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंडल के नेताओं के साथ बैठक कर जल्द ही मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

कीड़े वाला भोजन देने तथा प्रताड़ना का लगाया आरोप


# छात्रावास की अव्यवस्था को लेकर छात्राओं ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज. प्रतापपुर

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्था, कीड़े लगे भोजन और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गईं। सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच शुरू हुआ यह आंदोलन कुछ ही देर में जन आक्रोश में बदल गया। बच्चियां सड़क के बीच बैठकर कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और प्रतापपुर का मुख्य मार्ग करीब डेढ़ घंटे तक जाम रहा।

धरना प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने आरोप लगाया कि छात्रावास में उन्हें कीड़े लगा हुआ भोजन, अत्यधिक पतली दाल, बिना सब्जी का खाना और मेनू के विपरीत भोजन दिया जाता है। कई बार भोजन की मात्रा इतनी कम होती है कि भूखी सोने को मजबूर हो जाती हैं। छात्राओं ने बताया कि शासन से मिलने वाली शैम्पू, साबुन, तेल, सेनेटरी सामग्री सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से नहीं दी जातीं और जब वे सवाल उठाती हैं तो उन्हें डांट, डर और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। छात्राओं का कहना है कि उन्होंने कई बार छात्रावास अधीक्षिका से शिकायत की लेकिन सुधार के बजाय प्रताड़ना और बढ़ गई। बीईओ कार्यालय, बीआरसी, जनपद और जिला स्तर तक शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे मजबूर होकर बच्चियों को सड़क पर उतरना पड़ा।

**कस्तूरबा छात्रावास की अधीक्षिका हटाई गई**



#### जनता का फूटा गुस्सा

आदिवासी बच्चियों को इस हालत में देखकर स्थानीय नागरिक, अभिभावक और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। लोगों ने शिक्षा विभाग और प्रशासन की घोर निंदा करते हुए इसे संस्थागत अपराध करार दिया और कहा कि छात्रावास की बदहाली के लिए सीधे तौर पर बीईओ और बीआरसी जिम्मेदार हैं, जो वर्षों से समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे।

#### कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

सूचना मिलने पर एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभ में छात्राओं ने किसी भी अधिकारी की बात मानने को तैयार नहीं थीं। लेकिन बाद में एसडीएम द्वारा कलेक्टर से फोन पर बातचीत कराई गई तब जाकर छात्राओं ने अधिकारियों से अपनी समस्या बताई।

#### अधीक्षिका को हटा दिया गया

कलेक्टर के निर्देश पर आश्रम अधीक्षिका देवमन को तत्काल छात्रावास से हटा दिया गया है और उनके खिलाफ निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही जांच दल गठित कर जिला शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेजा गया, उन्होंने बच्चियों के बयान दर्ज किए।

ललिता भगत, एसडीएम

## प्ले हार्ड पार्टी हार्ड के साथ शुरू हुआ स्पोर्ट्स फेस्ट



हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट – 2026 के उद्घाटन के अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष उम्मेद सिंह चरन ने कहा कि खेल जीवन के प्रत्येक पायदान पर है। खेलों से प्रतिस्पर्धा, मनोरंजन के साथ शरीर को शक्ति मिलती है, जो हमें ऊर्जावान बनाती है। उन्होंने खिलाड़ियों से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

■ प्रारम्भ होंगी विविध स्पर्धाएं

मुख्य अतिथि उम्मेद सिंह चरन ने झंडोत्तोलन कर स्पोर्ट्स फेस्ट का आगाज किया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले ने कहा कि अच्छी पढ़ाई के लिए अच्छा शरीर होना आवश्यक है। खेलों से ही हमें स्वस्थ शरीर मिलता है जिसमें स्वस्थ मन, दिमाग का विकास होता है। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि खेलों से हमें फिटनेस, फ्रेंड, फैमिली और फ्रीडम मिलता है। खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लें। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और गोला फेंक कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, स्लो साइकिल रेस, रस्साकशी, बैडमिंटन, शतरंज, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं खेली जायेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.जगमीत कौर एवं आभार प्रदर्शन एनईपी समन्वयक डॉ.आर.एन शर्मा ने किया। इस दौरान अनिता चरन, प्रबंध समिति की सदस्य अलका इंगोले, डॉ.शैलेष देवांगन, अरविन्द तिवारी, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सेन, डॉ.दिनेश शाक्य सहित अन्य प्राध्यापक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## बेसमेंट निर्माण के लिए खोदा गड्ढा, झुक गई बगल की 3 मंजिला बिल्डिंग

**अंबिकापुर।** बेसमेंट पार्किंग निर्माण के लिए मनमाने तारीक से की गई खुदाई के कारण एक बिल्डिंग गिरने की कगार पर आकर खड़ी हो गई है। खुदाई के लिए गड्ढा किए जाने के दौरान रातों रात तीन मंजिला बिल्डिंग झुक गई। शहर के बीचो बीच बिल्डिंग के झुक जाने से स्थिति बेहद खतरनाक हो गई है और दुर्घटना की संभावना बन गई है। इधर हादसे की संभावनाओं को देखते हुए मार्ग को बंद करा दिया गया है और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को तैनात किया गया है। इधर नगर निगम द्वारा काम बंद कराने के साथ ही भूमि स्वामी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

बताया जा रहा है कि शहर के संगम चौक पर दिनेश कश्यप, मनोज कश्यप व अन्य द्वारा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और रेसिडेंशियल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस भवन निर्माण में जी पल्स तीन के आधार पर बेसमेंट पार्किंग व ग्राउंड फ्लोर के साथ तीन मंजिला भवन का निर्माण कराया जाना है। भवन निर्माण के लिए भूमि स्वामियों द्वारा बड़ी बड़ी मशीनें लगाकर खुदाई का काम किया रहा है। जेसीबी व अन्य मशीनों के माध्यम से मिट्टी निकाली गई है लेकिन भवन निर्माण के दौरान भूमि स्वामियों द्वारा नियम व मकानों का पालन नहीं किया गया। यही वजह है कि उक्त निर्माणाधीन भवन के बगल में मौजूद तीन मंजिला भवन पर खतरा मंडराने लगा है। संगम गली में मौजूद उक्त भवन डॉ. धनंजय प्रसाद की है। लोगों का कहना है कि रातों रात बिल्डिंग झुक गई और दरार आ गई है। गनीमत यह है कि उक्त भवन वर्षों से खाली पड़ी हुई है और मकान स्वामी परिवार के साथ दूसरे राज्य में चले गए है। हालांकि भवन की देखरेख संगम चौक निवासी अशोक गुप्ता द्वारा की जाती है। भवन झुकने के बाद स्थानीय लोगों व केयर टेकर अशोक गुप्ता ने घटना की सूचना निगम व पुलिस प्रशासन को दी गई जिसके बाद नगर निगम के भवन शाखा एवं उड़न दस्ता की टीम मौके पर पहुंची थी। मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने एसडीएम, तहसीलदार के साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी गई और किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए मार्ग में आवागमन बंद कराने की बात कही।

**मंडराया भवन के गिरने का ख़तरा, संगम गली में आवागमन कराया गया बंद, परमिशन के विपरीत कराया जा रहा था निर्माण, नोटिस**



#### गार्डर लगाकर टिकाया भवन

इस लापरवाही के कारण एक बिल्डिंग को झुक ही गई है लेकिन इसके अगल बगल में मौजूद भवनों पर भी खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में नगर निगम ने सुरक्षा की दृष्टि से आस पास मौजूद घरों के स्वामी बाबूलाल अग्रवाल, लेखराज अग्रवाल और केयर टेकर अशोक गुप्ता को भी सूचना देकर संभावित हादसे के मद्देनजर मकान खाली कर सुरक्षित निकलने कहा गया है। हालांकि फिलहाल इस भवन को गिरने से रोकने के लिए गार्डर लगाया गया है लेकिन यह कितना प्रयास ज्यादा समय तक भवन को गिरने से रोक पाएगा ऐसा नजर नहीं आ रहा है।

#### रुकवाया गया है काम

काम रोक दिया गया है। गड्ढे को पटवा रहे है। परमिशन के विपरीत गड्ढा खोदा गया है। पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई है। आस पास के लोगों को भी सुरक्षा की दृष्टि से जानकारी दी गई है। भूमि स्वामी को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीएन कश्यप आयुक्त ननि

## फाइलेरिया से बचाव हेतु स्वास्थ्य अमले का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बिश्रामपुर।** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.केडी पैकरा के मार्गदर्शन में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान की तैयारी को लेकर बिश्रामपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया,यह प्रशिक्षण 2 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में विकासखण्ड सूरजपुर के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षकों को प्रदान किया गया,प्रशिक्षण का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अभियान को सफल बनाना है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के तीन विकासखण्ड-सूरजपुर, रामानुजनगर एवं प्रेमनगर में 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा,प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। अभियान के प्रथम चरण में 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसके पश्चात 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। 23 से 25 फरवरी तक अभियान के दौरान छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। अभियान अवधि में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी के समीप बूथ संचालित रहेंगे। गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र व्यक्तियों को स्वास्थ्य कर्मियों के समक्ष दवा सेवन कराना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण का संचालन विनय शर्मा प्रशिक्षण समन्वयक एवं डीएमसी धीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. अमित भगत, बीपीएम सुरेश वर्मा, एमटीएस सीके माहेश्वरी, डीके पैकरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विकसित भारत की जी-राम-जी योजना पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. सोनगरा



विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु जी-राम-जी योजना विषय पर जरही मंडल अंतर्गत खड़गवां के मांझापारा स्थित शिव चर्चा भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी अशोक सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी एवं मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि विकसित भारत केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक सामूहिक राष्ट्रीय अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। जिला महामंत्री श्री अशोक सिंह ने कहा कि जी-राम-जी योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की आर्थिक क्रांति का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान राजू शर्मा, समयलाल मिश्रा, शुभम जायसवाल, मुरली प्रसाद चक्रधारी, फागु चक्रधारी, सुरेंद्र जायसवाल, घनश्याम सिंह, धनेश्वर सिंह, उपसरपंच ममता सिंह, दिलीप सिंह, कैलाश चक्रधारी, रमेश चक्रधारी, सुरेंद्र चक्रधारी, सियाराम रजक, मोहरसाय रजक, रामकेवल, रामविलास, अंबिकेश्वर राजवाड़े, मंगल साय, जितेंद्र, अमित सिंह, वकील प्रसाद चौधरी, प्रीतम सिंह, सुमित्रा रजक, कालेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



भैयाथान। ग्राम रगढ़ा में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिवकुमार तिवारी एवं केवल पतीया तिवारी परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रातः ग्राम गोबरी नदी से पवित्र जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए ग्राम भ्रमण किया। युवा श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद, हरि-नाम संकीर्तन और आकर्षक आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा प्रवक्ता आचार्य रघुनाथ वैष्णव महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा-रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिवस उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा, उसकी उत्पत्ति, शुकदेव-परिक्षित संवाद तथा कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत मात्र ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है।

## माघी पूर्णिमा को संत शिरोमणि रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा




बिश्रामपुर। माघी पूर्णिमा की पूर्व संध्या को शोभायात्रा निकालकर ग्राम सतपता में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े थीं,अन्य अतिथियों में जिपं सदस्य कलेश्वरी कुर्रे,अशोक सोनवानी पूर्व सदस्य खाद्य आयोग, पन्नालाल सोनवानी,अजय सोनवानी,राजेन्द्र हितकर उपस्थित थे,स्वागत उद्बोधन अशोक कुमार सोनवानी द्वारा दिया गया,जिसमें संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के संदेशों का वर्णन किया,मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि समाज को गुरु रविदास महाराज जी के बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। जीवन में पांच बिंदु समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, सड़क सुरक्षा व मानव धर्म के विषय पर विस्तार से जानकारी दीं। पन्नालाल, राजेन्द्र हितकर, विजय मिश्रा, गोपाल सिंह विद्रोही द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। इस दौरान देवलाल,देवधन बिंझिया, हरीश आदि शामिल रहे।

## रजत जयंती के पर विद्युत उपभोक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. सलका अधिना

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर डीसी केंद्र के कार्यालय परिसर में रजत ज्योति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के विकास में विद्युत वितरण व्यवस्था की भूमिका को रेखांकित करना तथा उपभोक्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अनुज राजवाड़े और जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता सलका गुलशन कुमार और कनिष्ठ अभियंता रेवटी यशवंत देवांगन ने राज्य शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की जरूरत के हिसाब से 200 यूनिट बिजली बिल



हाफ योजना,एकल बत्ती कनेक्शन,कृषक जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर विस्तार से बताया कि कैसे आप इन योजनाओं से जुड़ कर विद्युत विभाग से अपना फायदा उठा सकते हैं। साथ ही लगातार दो साल तक बिजली बिल पटाने वाले उपभोक्ता,कृषक जीवन ज्योति योजना के हितग्राही और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के हितग्राहियों का मंच से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

